पत्रांक– 1616

# कार्यालय, नगर निगम, मुंगेर।

दिनांक– 30.7.25

## ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 01/SBM/2025–26

(ई–टेंडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in)

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : नगर आयुक्त, नगर निगम मुंगेर।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : दिनांक– 30.07.2025
3. टेंडर कागजात डाउनलोड करने की अवधि : दिनांक– 16.08.2025 से 27.08.2025 के 15:00 बजे तक (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
4. प्री बिड मीटिंग का समय स्थान/तिथि : समय 11:00 बजे तिथि– 18.08.2025 स्थान :– नगर निगम, मुंगेर।
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय : दिनांक– 28.08.2025 को 15:00 बजे तक। (on website www.eproc2.bihar.gov.in)
6. निविदा खोलने की तिथि/समय : दिनांक– 29.08.2025 को 15:30 बजे । (On website www.eproc2.bihar.gov.in)
7. सभी शपथ पत्र (मूल में). Earnest Money, Existing Committment मूल में एवं अन्य निविदा दस्तावेज की हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि/समय एवं स्थान : दिनांक– 29.08.2025 को 15:00. बजे तक।
   स्थान–1. नगर आयुक्त का कार्यालय, नगर निगम, मुंगेर।
   2. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, नगर विकास प्रमण्डल, नगर निगम क्षेत्र, मुंगेर।
8. कार्य का विवरण:–

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (Rs) | अग्रधन की राशि (Rs) | परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (Rs) | Bid Processing Fee (Through online payment) (अप्रत्यर्पणीय) (Rs) | कार्य समाप्ति की अवधि (इन्क्लूडिंग मौनसून अवधि) माह में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Design, Build, construct, install, and commissioning of Material Recovery Facility (MRF) plant of 50 TPD for dry waste along with operation and maintenance of the plant for 5 years on EPC mode under Nagar nigam Munger | 10,20,16,362/- | 20,40,000/- | 10,000/- | बेल्ट्रान द्वारा निर्धारित दर | 09 माह |
| 2 | Design, Build, construct, install, commissioning of compost plant of 50 TPD for wet waste along with operation and maintenance of plant for 5 years including the tipping fee under Nagar nigam Munger | 03,05,24,122/- | 06,10,500/- | 10,000/- | बेल्ट्रान द्वारा निर्धारित दर | 06 माह |

Note: Bidders should submit Bid Processing Fees through online Payment as per amount generated on website www.eproc2.bihar.gov.in

09. निविदा की वैधता अवधि : 180 दिन

10. निविदा कागजात अपलोड करने से पूर्व संवेदक को "Bid Processing Fee" निम्न विधि से जमा करना होगा :–

(i) "Bid Processing Fee" is mandatory to be paid through online mode i.e. Internet Payment gateway (Credit/debit Card) , Net Banking. NEFT/RTGS.

(ii) "Bids along with necessary online payments must be submitted throuth e-Procurement portal www.eproc2.bihar.gov.in before the date and time specified in the NIT. The department doesn't take any responsibility for the delay/non submission of tender/Non Reconciliation of online payment caused due to Non-availability of internent connection, Network Traffic/Holidays or any other reason."

11. कोई भी संवेदक जो केन्द्रीय/राज्य सरकार/लोक उपक्रम में निबंधित हो अथवा अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय स्तर के हैं निविदा में भाग ले सकते हैं परन्तु उक्त कार्य का लेटर ऑफ एक्सेपटेंस प्राप्त होने के बाद एवं एकरारनामा के पूर्व पथ निर्माण विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग में निबंधन कराना अनिवार्य होगा। यदि भवन का निर्माण कार्य होगा, तो भवन निर्माण कार्य का निबंधन भी मान्य होगा। कोई भी संवेदक जो अभिकर्त्ता श्रेणी– 01 में निबंधित हो इस निविदा में भाग ले सकते हैं।

12. दो करोड़ से उपर की राशि की निविदा SBD (Standard Bid Documents) के माध्यम से की जायेगी। जिसमें SBD की कंडिकाओं की शर्ते मान्य होगी।

13. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in अथवा www.prdbihar.gov.in में देखा जा सकता हैं।

14. ई–टेन्डरिंग की प्रक्रिया में भाग लेने हेतु संवेदकों का ई–टेन्डरिंग के Service Provider के पास पंजीकृत होना होगा जिससे कि उन्हे उपयोगकर्त्ता का नाम (User ID) पासवर्ड (Password) एवं अंकीय हस्ताक्षर (Digital Signature) निर्गत की जायेगी। यह उन्हे (www.eproc2.bihar.gov.in) से डाउनलोड करने/ई–टेन्डर की प्रक्रिया में भाग लेने के लिए योग्यता प्रदान करेगा। इसके लिए हेल्प डेस्क प्रथम तल्ला एम/22 बैंक ऑफ इंडिया बिल्डिंग रोड नं0–25, श्री कृष्णा नगर, पटना–800020,दूरभाष संख्या–0612–2523006, मोबाइल संख्या–9939035696/7542028164 से सम्पर्क किया जा सकता हैं।

15. निविदादाता को संलग्न RFP की शर्तो का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

❖ The RFP may be postponed, modified or cancelled at any time due to administrative reasons and no claim shall be entertained on this account.

16. संवेदकों को कार्य स्थल, प्राक्कलन, क्वैरी स्थल एवं सामग्री स्थल इत्यादि की स्थिति, निर्माण सामग्रियों की उपलब्धता की स्थिति से पूर्णरूपेन संतुष्ट होने के पश्चात् ही निविदा में भाग लेने का परामर्श दिया जाता है। इस संबंध में बाद में किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

17. (1) राज्य सरकार के किसी विभाग या संस्थान में किसी भी श्रेणी में काली सूची में डाले गये अथवा कार्यो से वंचित (debar) संवेदक इस निविदा में भाग लेने के योग्य नहीं होंगे। यदि वे जानबुझकर तथ्य छुपाते हुए निविदा डालते है तो सारी जिम्मेवारी उनकी होगी तथा उनके विरूद्ध उचित कार्रवाई की जायेगी।

(2) निविदा सूचना की अन्य शर्त्तो को पूरा करने के बावजूद किसी संवेदक की दी गयी निविदा बिल्कुल ही मान्य नहीं होगी यदिः–

(क) संवेदक के द्वारा किसी निर्धारित प्रपत्र, विवरणी, शपथ पत्र या योग्यता प्रमाण पत्र के रूप में समर्पित किसी कागजात या दस्तावेज में गलत या गुमराह करने वाले तथ्य समर्पित किये गये है।

(ख) किसी संवेदक का कार्य निष्पादन का Record खराब हो रहा हो। अर्थात, उन्होंने आवंटित कार्य को अधुरा छोड़ दिया हो, संविदा के शर्त्तो के अनुसार सम्यक रूप से पूरा नहीं किया हो, पूर्व से आवंटित किसी कार्य को पूरा करने में गंभीर विलम्ब किया हो, विवाद का इतिहास हो, वित्तीय अक्षमता सिद्ध हुई हो या उनके पास पूर्व से आवंटित कार्य निर्धारित समय सीमा के बाद भी पूरा करने हेतु लंबित हो। तथ्यों को छुपाने की जबाबदेही उनकी होगी क्योंकि उनके द्वारा समर्पित कागजात पर ही कार्यालय द्वारा निर्णय लिया जायेगा।

(3) पार्टनरशीप डीड में अंकित कोई पार्टनर कम्पनी के प्रबंध निदेशक, सहयोग समिति एवं निबंधित संस्थाओं के पदधारक या इन पदों पर कार्य करने वाले पूर्व में ब्लैक लिस्टेड है तो वह फर्म/कम्पनी/सहयोग समिति/निबंधित संस्था निविदा में भाग लेने के पात्र नहीं होंगे।

18. **परिमाण विपत्र का मुल्य**

परिमाण विपत्र का मूल्य Website (www.eproc2.bihar.gov.in) के ऑनलाईन मोड के माध्यम से जमा किया जाना है।

**(1) अग्रधन**

(क) परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अनुमोदित परिमाण विपत्र के अनुसार परिमाण विपत्र के दो प्रतिशत की दर से अग्रधन की राशि देय होगी। जो न्यूनतम 100 के गुणक में होगी।

(ख) अग्रधन की राशि Website (www.eproc2.bihar.gov.in) के ऑनलाईन मोड के माध्यम से जमा किया जाना है।

(ग) संवेदक द्वारा जमा किये गये अग्रधन की राशि पर किसी प्रकार की सूद विभाग द्वारा देय नहीं होगा।

(घ)Earnest Money Deposit (EMD) can be paid either through online mode or manual mode; in case of submission through manual mode only Bank Guarantee shall be valid. In case of manual mode of payment of the EMD, the original hard copy of the EMD in form of BG should be submitted in the tendering authority office within the next working day after the tender closing date.

(ड़) Bank. Guarantee issued from any Schedule Bank within state in favour of Municipal commissioner, Munger (If issued from any bank outside state then it will be converted to any bank within state before executing the work agreement) and valid up to 225 days after the date of receipt of tender.

**(2)** निविदा के समय जमा (अपलोड) किये जाने वाले कागजात स्वहस्ताक्षरित होने चाहिये जिसे स्वसत्यापित माना जायेगा।

(क) वैध निबंधन प्रमाण पत्र की प्रति।

(ख) साझेदार फार्म/कम्पनी के मामले मे डीड एवं अर्टिकल्स ऑफ एसोसियेशन की प्रति।

(ग) पैन कार्ड की प्रति।

(घ) G.S.T निबंधन प्रमाण पत्र से संबंधित कागजात की प्रति।

(ड़) वैध लेबर लाईसेंस की प्रति।

(च) पुलिस अधीक्षक/सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत अद्धतन चरित्र प्रमाण–पत्र की प्रति।

**(3)** संवेदक के अधीन लंबित सभी विभागों के अधीन निविदा की तिथि को Existing commitment कार्यो की राशि सहित सूची अपलोड करना होगा।

**(4)** घोषणा प्रमाण पत्र (मूल में)/(शपथ पत्र मूल में) (अपलोड)

"मैं अधोहस्ताक्षरी (साफ–साफ बड़े अक्षरों में नाम)..............................................................

सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी श्री .................................. शपथ पूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि–

(क)मेरे/हमारे विरूद्ध किसी प्रकार का अपराधिक मामला किसी भी न्यायालय में विचाराधीन नहीं हैं।

(ख)मुझे/हमें किसी सरकारी/अर्द्धसरकारी प्रतिष्ठान द्वारा Debar, Blacklisted एवं विगत एक वित्तीय वर्ष के अंदर किसी कार्य को विखंडित (Resceind) नहीं किया गया हैं।

(ग)मेरे/हमारा कोई निकटतम संबंधी (अभिप्राय है पति/पत्नी, माता/पिता, भाई/बहन तथा इस तरह के ससुराल पक्ष के संबंधी) संबंधित कार्य प्रमण्डल के कनीय अभियंता/सहायक अभियंता/कार्यपालक अभियंता/प्रमण्डलीय लेखा पदाधिकारी/लेखापाल के रूप में कार्यरत नहीं है।

(घ)निविदा में संलग्न सभी प्रमाण पत्र, कागजात विवरणी जाली एवं गलत नहीं हैं।

(ड़) संवेदक के पास (i) मिक्सर मशीन, (ii) नोजल भाईब्रेटर, (iii) संटरिंग प्लेट, (iv) वाटर टैंकर तथा भवन निर्माण एवं सौंदर्यीकरण हेतु उपरोक्त क्रमांक– (i) से (iv) के साथ एलीवेटर एवं स्टेजिंग पाईप का भी होना आवश्यक है जो स्वंय का होना चाहिए। अथवा किराये पर लेने कि स्थिति में संवेदक एवं स्वामी दोनों को लेने देने का मूल शपथ पत्र (अपलोडेड) एवं प्रमाण के रूप में उपकरण का स्वामित्व का कागजात एवं यंत्र संयंत्र की स्वसत्यापित सूची भी अपलोड करना होगा अन्यथा निविदा अमान्य कर दिया जायेगा।

(च) यह स्पष्ट है कि निविदा के सभी कागजात Website (www.eproc2.bihar.gov.in) पर अपलोड करना होगा जो स्वहस्ताक्षरित होना चाहिए।

(छ) सभी प्रकार के शपथ पत्र एवं Existing committment जो Website (www.eproc2.bihar.gov.in) पर संवेदक द्वारा अपलोड की जायेगी उसका मूल प्रति संवेदक को कार्यालय में निर्धारित तिथि को जमा करना अनिवार्य होगा।

**(5) प्रतिशत दर निविदा**

(क) कार्य के परिमाण विपत्र की राशि से प्रतिशत के रूप में अधिक, बराबर या कम दर (अंक एवं शब्दों में) अंकित किया जाय। अंक एवं शब्दों में अंकित दरों में विसंगति होने पर शब्द में अंकित दर की मान्यता दी जायेगी।
(ख) अभियंता प्रमुख (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक सं0–4439 (E), दिनांक– 17.07.2023 द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, पटना के वाद सं0– C.W.J.C No- 9941/2022 के दिनांक– 06.07.2023 को पारित आदेश के आलोक में प्रतिशत दर निविदा (In Percentage Rate Tender) पद्धति में प्राप्त की जाने वाली सभी प्रकार की निविदाओं में निविदित दर की न्यूनतम अधीसीमा को समाप्त किया गया है, जिसे लागू समझा जाय। असाधारण असंतुलित दर (Serious Unbalanced Rate) उद्धृत करने पर एकरारनामा के समय अतिरिक्त Performance गारंटी (Additional Performance Guarantee) देना होगा।

19. The JV firm must ensure the criteria of JV as per RFP clause 2.17.1.2.

20. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी।

21. सक्षम प्राधिकार को बिना कोई कारण बताये निविदा के सभी/किन्हीं कार्यो को या किसी कार्य के किन्हीं अंश/अंशों को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। इसके लिए किसी भी प्रकार का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

22. **निविदा निष्पादन**

(1) यदि निविदा की कंडिका संख्या 18 के अनुसार कोई भी कागजात नहीं रहेगा या अधूरा रहेगा तो उसके निविदा को अमान्य कर दिया जायेगा।

(2) सफल न्यूनतम दर दाता संवेदक की निविदा आवश्यकतानुसार दर वार्त्ता के उपरान्त स्वीकार की जायेगी।

(3)निविदा में सफल एकाधिक संवेदकों से उद्धृत दर समान होने पर लॉटरी (ड्रॉ ऑफ लॉटरी) के आधार पर चयनित संवेदक के साथ ही यदि आवश्यकता हुई तो दर प्रक्रमण (दर वार्त्ता) किया जायेगा एवं नियमानुसार कार्य आवंटित किया जायेगा।

23. **एकरारनामा**

(क) निविदा में सफल संवेदक को कार्य आवंटन की तिथि से 10 दिनों के अंदर RFP की शर्तो पर एकरारनामा कर कार्य प्रारम्भ करना होगा।

(ख) एकरारनामा करने के उपरान्त मासिक कार्य योजना समर्पित करना होगा।

(ग)अविलम्ब कार्य स्थल पर कार्य से संबंधित सूचनापट उसकी आकार–प्रकार एवं उसमें भरे जाने वाले विवरण के संबंध में कार्य के प्रभारी अभियंता के निदेशों का पालन करना होगा।

24. **अन्य शर्त्ते**

(क) निविदा के निर्धारित अवधि के अंतर्गत ही कार्य को पूरा करना होगा विशेष परिस्थिति को छोड़कर अवधि विस्तार की स्वीकृति नहीं दी जायेगी।

(ख) प्राक्कलित राशि घट–बढ सकती है तथा कार्यस्थल के अनुसार निरूपण में परिवर्त्तन किया जा सकता है।

25. MRF एवं COMPOST PLANT अधिष्ठापन कार्य हेतु निविदादाता को निविदा की तिथि से विगत पाँच वर्षो में किसी भी एक वर्ष में नगर निकाय/पंचायती संस्थान/ सरकारी संस्थानों में न्युतनम 10 TPD के MRF एवं COMPOST PLANT के उपकरणों की आपूर्ति/अधिष्ठापन अथवा संचालन का अनुभव अनिवार्य होगा।

26. 50 लाख से अधिक की राशि का परिमाण विपत्र होने पर निविदादाताओं को एक वित्तीय बीड तथा एक तकनीकी बीड निविदा के साथ Upload करना होगा। तकनीकी बीड में सफल निविदाकारों का ही वित्तीय बीड खोला जायेगा। तकनीकी बीड में जो निविदाकार असफल होंगे उनका वित्तीय बीड नहीं खोला जायेगा।

27. 50 लाख से अधिक के निविदा में संवेदक द्वारा विगत तीन वर्षो में (निविदा तिथि के पूर्ववर्त्ती माह तक) किसी एक वर्ष निविदा मूल्य के समतुल्य भुगतान प्रमाण पत्र होना चाहिए अथवा निविदा मूल्य के एक तिहाई मूल्य के बराबर समरूप कार्य का भुगतान प्रमाण–पत्र देना होगा जो सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत होना चाहिए। जिसमें IT, ST, Royality, Net Payment, Gross Payment होगा।

28. 50 लाख से अधिक मूल्य के निविदा में संवेदक को गुण नियंत्रण जाँच हेतु स्थलीय गुण नियंत्रण उपकरणों का स्वामित्व होना चाहिए अथवा किराये पर प्राप्त करने की स्थिति में किराये पर देने वाले एवं लेने वाले का मूल में

शपथ पत्र अपलोड करना होगा। साथ ही गुण नियंत्रण/यंत्र संयंत्र का स्वामित्व संबंधी कागजात भी अपलोड करना होगा।

29. 50 लाख के अधिक मूल्य के निविदा में संवेदक के पास कम–से–कम एक डिप्लोमा (सिविल) एवं एक डिग्री (सिविल) अभियंता होना चाहिए। तत्तसम्बंधी उनका शपथ पत्र एवं प्रमाण पत्र संलग्न होना चाहिए। शपथ – पत्र मूल में नियोजित एवं नियोजनकर्त्ता दोनो पक्षो का होना चाहिए। एक डिग्री–डिप्लोमा अभियंता भिन्न–भिन्न निविदाकार के यहाँ नियोजित माना जायेगा। यदि एक ही डिग्री– डिप्लोमा अभियंता भिन्न–भिन्न निविदाकार के यहाँ नियोजन के शपथ–पत्र देगें तो उनकी निविदा अमान्य कर दिया जायेगा।

30. कार्य समाप्ति की तिथि से संवेदकों को उनके कार्य मे त्रुटि सुधार की बाध्यता कार्य समाप्ति की तिथि से 36 माह (तीन वर्ष) होगी तत्पश्चात् कार्य संतोषप्रद पाये जाने पर ही उनकी जमानत की राशि विमुक्त की जायेगी।

31. e-Tendering में कार्यालय द्वारा download करने मे संलग्न अभिलेख यदि अपठनीय पाया जायेगा तो निविदा अमान्य किया जा सकता हैं।

32. तकनीकी बीड में निविदा का उतना ही कागजात संलग्न करें जितना निविदा शर्त की कंडिकाओं में अंकित है।निविदा आमंत्रण सूचना के कंडिकाओं को पूरी तरह समझने के लिये कार्यालय अवधि में निविदाकार कार्यपालक अभियंता, नगर विकास प्रमण्डल, नगर निगम क्षेत्र, मुंगेर/नगर आयुक्त,नगर निगम, मुंगेर से संपर्क कर सकते हैं।

33. In the unlikely event of the server for www.eproc2.bihar.gov.in being down for more than two consecutive hours (in the period from midnight to closing time for receipt of tenders) on the last date of receiving of bid, the last date of the same shall be extended by concerned authority only to the next working day till the last receiving time stipulated in the original NIT.

34. *The bidders are requested to check their file size of uploaded documents at the time of submission & they* should ensure that work file is uploaded. If they feel that the complete file is not uploaded then they should click on cancel & update the same before submission. The bidders should satisfy themselves of download ability/ visibility of the scanned & uploaded file by them.

35. The bidders must use MS Office- 2003 version. File size should be less than 5MB and should be in M.S. word, M.S. Excel, PDF and JPEG Formats.

36. No claim shall be entertained on account of disruption of internet service being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last hour's technical snags.

37. In exceptional circumstances, the competent authority, UD & HD may solicit the Bidder's consent to an extension of the period of validity.

38. Bids that are rejected during the bid opening process shall not be considered for further evaluation, irrespective of the circumstances.

39. The bidders shall submit their eligibility and qualification details in the online standard formats given for respective tenders in e-Procurement website (www.eproc2.bihar.gov.in) at the respective stage only. The bidders shall upload the scanned copies of all the relevant certificates, documents etc., in support of their eligibility criteria / technical bids and other certificate /documents in the e-Procurement website. The bidder shall sign on the supporting statements, documents, certificates, uploaded by him, owning responsibility for their correctness /authenticity.

40. Corrigendum/ Addendum, if any, will be published on the website itself.

20/07/2

नगर आयुक्त
नगर निगम,मुंगेर।